प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 24.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रोजगार मेले युवाओं के सपनों को पूरा करने का माध्यम बन चुके हैं। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली में आयोजित 17वां राष्ट्रीय रोजगार मेला के दौरान वीडियो संदेश में यह बात कही। कार्यक्रम के दौरान रोजगार मेला पहल के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव–नियुक्त कर्मियों को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे गये।

****

देश भर में आयोजित 17वें रोजगार मेले के तहत रांची के डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में आयोजित समारोह में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि और विधायक सी.पी. सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राज्य में 187 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, जिनमें रेलवे, डाक विभाग, इस्पात मंत्रालय और केंद्रीय सुरक्षा बलों में चयनित उम्मीदवार शामिल हैं। इस अवसर पर संजय सेठ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की गरिमा बढ़ी है और सरकारी सेवा में समय प्रबंधन एवं कार्य के प्रति समर्पण बेहद जरूरी है।

****

रांची में नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने विभिन्न तालाबों और छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने अधिकारियों को साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मौके पर मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार छठ महापर्व के सफल आयोजन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

****

हजारीबाग जिले में यूथ विंग ने छठ करने वाली महिलाओं को मात्र 11 रुपये में सूप और पूजन सामग्री उपलब्ध कराई। इस पहल के तहत 301 आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद की गई। कार्यक्रम संयोजक जय प्रकाश खंडेलवाल ने कहा कि छठ सनातनियों का सबसे बड़ा पर्व है और सभी को इसमें सहभागी बनना चाहिए।

****

इधर उपराजधानी दुमका में आस्था और श्रद्धा के महापर्व छठ को लेकर घाटों की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के निर्देश पर जिला प्रशासन और नगर परिषद की टीम ने घाटों और मार्गों का निरीक्षण करते हुए पार्किंग और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। जिला परिवहन पदाधिकारी मृत्यंजय कुमार ने कहा कि प्रशासन ने छठ महापर्व को लेकर व्यापक तैयारी की है और श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की गई है।

****

लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के पुटवागढ़ में राज्य के पहले टाइगर सफारी की स्थापना की जाएगी। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के 17 जिलों में कल हल्की बारिश होने की संभावना है। जबकि 26 और 27 अक्टूबर को भी राज्य के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्सों में कहीं–कहीं हल्की बारिश और गर्जन की संभावना है।

****

रांची में आज से चौथी दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स महासंघ– सैफ चैंपियनशिप शुरू हो रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मोरहाबादी मैदान स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में तीन दिवसीय एथलेटिक्स खेलों का उद्घाटन करेंगे।

इस चैंपियनशिप में छह देश – भारत, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, भूटान और मालदीव के 206 एथलीट भाग लेंगे। ये एथलीट 37 विभिन्न स्पर्धाओं में कुल 111 पदकों के लिए खेलेंगे।

*********समाप्त**********